# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
**NSI**
*Over 50 Years in Service of People*

मासिक प्रकाशन | **Monthly Publication**

अप्रैल, 2011 (अंक 207) | **April 2011 (Issue 207)**





श्री एस. के. दास, आई.ए.एस. अतिरिक्त सचिव (बजट), भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, ने शिलांग में 4 अप्रैल, 2011 को आयोजित क्षेत्रीय निदेशको की वार्षिक समीक्षा बैठक उद्घाटन के अवसर पर क्षेत्रीय निदेशकों को संबोधित करते हुए । साथ ही श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष रा. ब. संस्थान भी दिखाई दे रहे है ।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने शिलांग में क्षेत्रीय निदेशकों के लिए वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने 4 अप्रैल, 2011 को शिलांग में क्षेत्रीय निदेशकों के लिए वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया। इसका उद्देश्य वर्ष 2010-11 के दौरान क्षेत्रीय केन्द्रो एवं मुख्यालय के उपलब्धियों को रेखांकित करना और वर्ष 2011-12 के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित किये गये लक्ष्यो की प्राप्ति के लिए भविष्य की नीतियों का निर्धारण करना था।

वार्षिक समीक्षा बैठक का उद्घाटन श्री शक्तिकांत दास, आई. ए. एस., अतिरिक्त सचिव (बजट) भारत सरकार वित्त मंत्रालय ने किया तथा श्री. बी. के. देव वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मेघालय सरकार, ने अध्यक्षता की । श्री दास ने उनके संबोधन में वर्ष 2010-2011 के दौरान सकल जमा तथा शुद्ध जमा का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों को बधाई दी और उन्होने राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशकों से अपील की, कि वे ग्रामीण क्षेत्रो मे वित्तिय साक्षरता और वित्तिय समावेश विकसित करने के लिए लोगों के बीच पहुँच बढ़ाए । उन्होने विशेष रुप से इस बात पर बल दिया की परिवर्तित कर ढाचे को दृष्टिगत रखते हुए निवेशकों के पास उपलब्ध धन को निवेशित करने के लिये एक योजनाबद्ध नियोजन करे । उन्होने आगे कहाँ कि सकल घरेलु उत्पाद की दर में समग्र रुप से विकास हुआ है और पिछले वर्ष यह बढ़कर 8.6% हुयी है । उन्होने कहाँ कि अल्प बचत बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रो मे जहाँ कि देश की कुल 71% जनसंख्या रहती है । और यह सभी डाकघरो से जुड़ी हुयी है । उन्होने यह भी उल्लेख किया कि घरेलु बचत दर 32% से बढ़कर 35% तक हुयी है । उन्होने राष्ट्रीय बचत संस्थान के अधिकारियों के प्रयासो की सराहना की ।


राष्ट्रीय बचत संस्थान
**NATIONAL SAVINGS INSTITUTE**

*http://nsiindia.gov.in.*

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्रीमती रंजु प्रसाद, आई. पी. एस., पोस्ट मास्टर जनरल, पंजाब एवं केन्द्र शासित चंदीगढ़, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में दि. 19-4-2011 को महिला बचत दिवस के अवसर पर सम्बोधित करती हुई । श्री राजीव सागर क्षेत्रीय निदेशक चंदीगढ़ भी दिखाई दे रहे हैं।


## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने शिलांग में क्षेत्रीय निदेशकों के लिए वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष, ने अपने स्वागत संबोधन के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और बताया कि राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वर्ष 2010-11 के लिए निर्धारित सकल जमा रु. 2,18,300 के विरूद्ध रु. 2,66,580 करोड़ तथा शुद्ध जमा निर्धारित लक्ष्य रु. 50,000 करोड के विरूद्ध 51,000 करोड़ एकत्रित किया है । उन्होने आगे यह भी सूचित किया कि भारत सरकार ने वर्ष 2011-12 के लिए सकल जमा रु. 2,48,000 करोड़ तथा शुद्ध जमा रु. 65,000 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया है । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री बी. के. देव वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मेघालय सरकार नें कहाँ कि राष्ट्रीय बचत संस्थान ने उनके राज्य के साथ-साथ पुरे देश मे विशेषकर, ग्रामीण दूर दराज के क्षेत्रो में बचत की आदत डालने एवं वित्तिय साक्षरता को फैलाने में बहुत महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है ।

इस अवसर पर हिन्दी गृह पत्रिका "संचय सौरभ" का विमोचन भी अतिरिक्त सचिव (बजट) द्वारा किया गया । वार्षिक समिक्षा बैठक में पुरे देश के क्षेत्रीय निदेशक तथा वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के वरिष्ठ अधिकारीयों ने भाग लिया ।




श्री अनिल भट्टाचार्य निदेशक एवं विभागाध्याक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान नागपूर, क्षेत्रीय केन्द्र नागपूर द्वारा महिला आर्थिक विकास महामंडल के सहयोग से आयोजित महिला बचत दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए, साथ ही (बाये से दूसरा) श्री रंजन वानखेडे जिल्हा समन्वयक अधिकारी महिला आर्थिक विकास महामंडळ भी दिखाई दे रहे हैं।




श्री एस. के. दास, अतिरिक्त सचिव (बजट), भारत सरकार वित्त मंत्रालय, शिलांग (मेघालय) में 4 अप्रैल, 2011 को आयोजित वार्षिक समीक्षा बैठक के दौरान राष्ट्रीय बचत संस्थान की हिन्दी गृह पत्रिका ' संचय सौरभ ' का विमोचन करते हुए। साथ ही (बायें से दायें) श्री बी. के. देव वर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव, मेघालय सरकार और श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एंव विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान भी दिखाई दे रहे हैं।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान ने समीक्षा के दौरान वर्ष 2011-2012 के लिए कार्य योजना पर विचार विमर्श किया

राष्ट्रीय बचत संस्थान के क्षेत्रीय निदेशकों ने उनके क्षेत्र से सम्बधित वर्ष 2010-11 की उपलब्धियाँ और वर्ष 2011-12 के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपनाई जानेवाली नीतियों और अभिकर्ताओं, डाकघरों, बैकों के लिए आयोजित किये जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के लक्ष्य, स्वयं समूह सहायता की मदत से आयोजित ग्रामीण बचत अभियान, समन्वय समितीयो की बैठकोके आयोजन, राष्ट्रीय बचत संस्थान के विभिन्न समारोह के आयोजन इत्यादि विषयोंपर अपना प्रस्तुतीकरण दिया।

श्री अनिल भट्टाचार्य, निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान ने वर्ष 2010-11 के दौरान ' राष्ट्रीय बचत संस्थान की उपलब्धियाँ और वर्ष 2011-12 के लिए कार्य योजना ' पर अपना प्रस्तुतीकरण दिया। श्री ए. के. चौहान, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान दिल्ली ने बदलते परीवेशमें राष्ट्रीय बचत संस्थान की भविष्य की चुनौतियों और लक्ष्य प्राप्ति हेतु नितीयों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किया । श्री बी. राजुबाबु, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) ने राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र द्वारा नये खाते खोलने हेतु नितीयाँ तथा राष्ट्रीय बचत संस्थान के समक्ष आनेवाली चुनौतियोंपर प्रस्तुतीकरण दिया । इसके उपरांत श्री मीर अजमत अली, संयुक्त निदेशक ने राष्ट्रीय बचत संस्थान की वितरण एवं संप्रेषण नितीयोंपर प्रस्तुतीकरण दिया । श्री पद्म सिंहा क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) ने राष्ट्रीय बचत संस्थान के बाजारीय ताकतो के विकास पर प्रशिक्षण का प्रभाव पर प्रस्तुतीकरण दिया । श्री जे. पी. सिंह, सहायक निदेशक (राजभाषा) ने भारत सरकार की राजभाषा कार्यान्वयन की नितीयोंपर प्रस्तुतीकरण दिया । निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान ने क्षेत्रीय निदेशकों से अपील किया कि वे वर्ष 2011-12 के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु योजनाबद्ध प्रयास करें ।



श्री अनिल भट्टाचार्य निदेशक एवं विभागाध्यक्ष राष्ट्रीय बचत संस्थान की वर्ष 2010-11 में उपलब्धियोंका ब्योरा प्रस्तुत करते हुये ।

## जनवरी 2011 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड़ रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र/राज्य | जनवरी 2010 तक | | जनवरी 2011 तक | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 12501.80 | 1406.28 | 15747.14 | 1389.64 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 128.49 | 45.72 | 134.61 | 40.44 |
| 3 | असम | 2130.54 | 140.16 | 2692.60 | 817.00 |
| 4 | अंदमान निकोबार द्वीप | 35.63 | 14.84 | 55.61 | 29.51 |
| 5 | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 451.70 | 105.71 | 388.29 | 46.69 |
| 6 | बिहार | 6805.11 | 1628.21 | 8398.52 | 1735.61 |
| 7 | झारखंड | 3257.93 | 926.35 | 4219.70 | 1117.32 |
| 8 | चंडीगढ | 570.03 | 82.20 | 750.45 | 37.88 |
| 9 | दमण एवं दीव | 511.49 | 129.06 | 703.77 | 137.42 |
| 10 | दिल्ली | 7039.15 | 1178.53 | 9591.14 | 2670.70 |
| 11 | गोवा | 549.97 | 118.20 | 679.88 | 156.50 |
| 12 | गुजरात | 15524.12 | 2914.79 | 16412.48 | 1760.31 |
| 13 | हरियाणा | 4930.01 | 842.31 | 5629.55 | 869.66 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 2515.31 | 399.07 | 3221.15 | 672.29 |
| 15 | जम्मू व कश्मीर | 1334.74 | 141.31 | 1685.92 | 266.46 |
| 16 | कर्नाटक | 6801.39 | 367.44 | 8623.20 | 1430.93 |
| 17 | केरल | 4991.95 | -256.38 | 6264.50 | 217.54 |
| 18 | लक्षद्वीप | 2.81 | 0.37 | 2.54 | 0.72 |
| 19 | मध्य प्रदेश | 5113.80 | -3943.40 | 6574.12 | 967.01 |
| 20 | छत्तीसगढ़ | 1971.07 | 214.80 | 2641.39 | 317.98 |
| 21 | महाराष्ट्र | 16445.77 | 2471.96 | 20115.78 | 3694.98 |
| 22 | मणिपुर | 91.81 | -10.24 | 92.82 | -9.00 |
| 23 | मेघालय | 195.54 | 41.02 | 258.52 | 75.05 |
| 24 | मिझोरम | 92.22 | 13.35 | 129.33 | 21.72 |
| 25 | नागालैंड | 39.19 | 4.70 | 50.81 | 15.30 |
| 26 | उड़ीसा | 3207.12 | 786.78 | 4116.83 | 1035.01 |
| 27 | पुदुचेरी | 161.52 | 31.02 | 169.31 | 25.41 |
| 28 | पंजाब | 8178.27 | 1299.77 | 9361.95 | 369.91 |
| 29 | राजस्थान | 10034.84 | -905.56 | 9677.83 | -57.72 |
| 30 | सिक्कीम | 72.97 | -0.43 | 122.77 | 34.91 |
| 31 | तमिलनाडू | 9591.02 | 594.90 | 11433.74 | 745.14 |
| 32 | त्रिपूरा | 544.56 | 89.96 | 711.92 | 159.92 |
| 33 | उत्तर प्रदेश | 17250.69 | 3978.10 | 20009.31 | 3670.29 |
| 34 | उत्तरांचल | 2733.83 | 680.46 | 3260.73 | 781.68 |
| 35 | पश्चिम बंगाल | 23484.90 | 6622.86 | 28554.22 | 7721.78 |
| | कुल | 169291.28 | 22154.24 | 202482.41 | 32965.99 |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है । इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस. सी. एस. एस. (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

शिवराज (डी.जी.पी.एस.) नागपुर.